हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार 30 जून 2026

तापमान
अधिकतम 43 .5°c
न्यूनतम 28 .2°c

**नगर में आज**
- रोडवेज यूनियन की बैठक सुबह 10 बजे
- पीजीआईएमएस में कुलपति की डॉक्टरों के साथ बैठक सुबह 11 बजे
- जाट शिक्षण संस्था के मामले को लेकर गुलाब सिंह ढिमाना की ओमेक्स सिटी में प्रेस वार्ता सुबह 11:00 बजे

**खबर संक्षेप**

### विजयपाल एडवोकेट बने भाजपा जिला प्रभारी
**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी ने विजयपाल एडवोकेट को रोहतक जिला प्रभारी नियुक्त किया है। अपनी नियुक्त पर विजयपाल ने हरियाणा प्रभारी डॉ सतीश पुनिया, प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता और संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा का आभार जताया है।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार
**रोहतक।** पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि मुख्य सिपाही दीपेन्द्र के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम आईएमटी चौक के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने आईएमटी बलियाणा फ्लाईओवर के नीचे खड़े एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक की पहचान राहुल पुत्र राजकुमार, निवासी बैंसी के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

### बंद फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी, केस दर्ज
**रोहतक।** एमआईई पार्ट-20 स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री से लाखों रुपये के सामान की चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस को दी शिकायत में फैक्ट्री मालिक परविंदर सिंह गुजराल, निवासी राजौरी गार्डन (दिल्ली) ने बताया कि प्लॉट नंबर-1964 स्थित उनकी कंपनी पिछले करीब दो महीने से बंद पड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि 27 जून को जब वह फैक्ट्री पहुंचे तो देखा कि मशीनों की पीएलसी, ड्राइव, मोटर और वायर चोरी हो चुके थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुकान का शटर उखाड़ सामान ले गए चोर


**रोहतक।** कच्चा बेरी रोड स्थित एक परचून की दुकान में चोरों ने शटर उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस को दी शिकायत में दुकानदार सोमनाथ मिनोचा, निवासी आर्य नगर ने बताया कि रात के समय अज्ञात चोर दुकान का शटर उखाड़कर अंदर घुस गए। चोर कैश बॉक्स से हजारों रुपये की नकदी, कीमती सामान और नोटों की माला चोरी कर फरार हो गए। पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### रुड़की निवासी राहुल पर हमले का आरोपी पकड़ा
**रोहतक।** पुलिस ने रुड़की निवासी राहुल पर हुए जानलेवा हमले के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है, जबकि मामले की गहनता से जांच जारी है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि 10 जून को राहुल की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि राहुल अपने खेत से प्लॉट की ओर जा रहा था। इसी दौरान सन्नी निवासी रुड़की अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और जान से मारने की नीयत से राहुल पर ईंटों से हमला कर दिया। वारदात के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक सुरेंद्र ने कार्रवाई करते हुए 28 जून को चौथे आरोपी गौरव पुत्र नरेंद्र, निवासी भालौठ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इससे पहले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

---

### निगम ने दयानंद मठ से पीरबोदी तक साफ करवाए नाले
# मानसून में गोहाना रोड पर अब जमा नहीं होगा तीन फुट पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हर साल मानसून में गोहाना रोड पर तीन फुट तक जलभराव से जूझने वाले हजारों लोगों के लिए अच्छी खबर है। दयानंद मठ से लेकर पीरबोदी तक नाले की सफाई और उसे पक्का करने का काम तेज गति से चल रहा है। यदि मानसून से पहले यह कार्य पूरा हो गया तो सुखपुरा चौक से टीबी अस्पताल तक जलभराव की वर्षों पुरानी समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है।

गोहाना रोड का यह करीब दस फुट गहरा नाला शहर के कई प्रमुख इलाकों के गंदे पानी की निकासी का मुख्य माध्यम है। गोहाना अड्डा, गुरुनानकपुरा, तेज कॉलोनी, बड़ा बाजार, राहड़ रोड सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों का बरसाती और सीवरेज का पानी इसी नाले में पहुंचता है। इसके बाद इस पानी को ड्रेन नंबर आठ में छोड़ा जाता है।





**यहां चलाया अभियान:** गोहाना रोड के साथ-साथ पुराने बस स्टैंड रोड व सोनीपत रोड पर भी नालों की सफाई जारी है। सफाई के दौरान नालों में जमी गाद, कूड़ा-कचरा एवं अन्य अवरोधों को मशीनों एवं कर्मचारियों की सहायता से हटाया जा रहा है। निगमायुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सोनीपत रोड एवं जींद रोड, गौकर्ण पर नालों से निकाली गई सिल्ट (गाद) को तुरंत प्रभाव से उठाने का कार्य भी निरंतर किया जा रहा है।

### सुखपुरा चौक से टीबी अस्पताल तक ज्यादा दिक्कत
वर्षों से नाले में गाद, मलबा और अवरोध जमा होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो जाती थी, जिससे मानसून के दौरान सड़कें तालाब में बदल जाती थीं। सबसे अधिक परेशानी सुखपुरा चौक से लेकर टीबी अस्पताल तक के हिस्से में देखने को मिलती थी। यहां हर साल करीब तीन फुट तक पानी भर जाता था। जलभराव के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती थी, दुकानदारों का कारोबार ठप पड़ जाता था और स्थानीय लोगों को घरों से निकलने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कई बार दोपहिया वाहन बंद हो जाते थे और राहगीरों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। अधिकारियों के अनुसार, पूरे कार्य को मानसून शुरू होने से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए संबंधित एजेंसियों को तेजी से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अतिक्रमण हटाएं


नालों पर रैम्प, सीढ़ी व अन्य स्थायी अतिक्रमण से सफाई में बाधा उत्पन्न होती है और बरसात में जलभराव होता है। जिन दुकानदारों ने नालों पर अतिक्रमण कर रखा है वे इसे खुद हटा लें, अन्यथा टीम उनका अतिक्रमण हटाएगी।
**-नरेन्द्र कुमार,** निगम आयुक्त

---

### क्षेत्रवासियों ने हरिभूमि और नगर निगम का किया धन्यवाद
# पहरावर में 24 घंटे में करवाई पानी निकासी







**रोहतक।** पहरावर क्षेत्र में बारिश के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या पर नगर निगम ने अगले ही दिन त्वरित कार्रवाई करते हुए सफाई अभियान चलाया और जल निकासी की व्यवस्था कराई। निगम की इस पहल से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। हाल ही में हुई बारिश के कारण पहरावर की कई गलियों और रास्तों पर पानी भर गया था। जलभराव की वजह से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा था और गंदगी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। स्थानीय निवासियों ने इस समस्या की शिकायत नगर निगम से की थी। इसके साथ ही हरिभूमि समाचार पत्र ने भी इस जनसमस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। शिकायत मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और प्रभावित क्षेत्र में सफाई अभियान शुरू किया। कर्मचारियों ने नालियों की सफाई कर उनमें जमा कचरा और मिट्टी हटाई, जिससे बारिश का रुका हुआ पानी तेजी से निकल सका। सफाई के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई।

**हरिभूमि इम्पैक्ट**

### सामान्य हुई आवाजाही
स्थानीय निवासी मंजीत, कांता देवी, अशोक और जगदीश ने बताया कि लंबे समय से बारिश के दौरान जलभराव की समस्या बनी हुई थी। शिकायत के बाद नगर निगम ने बिना देरी किए कार्रवाई की और सफाई कराकर समस्या का समाधान किया। उन्होंने कहा कि समय पर हुई इस कार्रवाई से लोगों को राहत मिली है और अब आवाजाही भी सामान्य हो गई है। क्षेत्रवासियों ने हरिभूमि और नगर निगम की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए इसी प्रकार तत्परता दिखाई जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि नालियों की नियमित सफाई और रखरखाव होता रहे तो बारिश के दौरान जलभराव जैसी परेशानियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।

---

### सिस्टम की लापरवाही ने बढ़ाई परेशानी, फूटा गुस्सा
# बिजली पूरी, फिर भी अंधेरे में शहर काठ मंडी में लोगों ने लगाया जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एक ओर बिजली निगम दावा कर रहा है कि प्रदेश में बिजली की कोई कमी नहीं है और मांग के अनुसार पर्याप्त आपूर्ति उपलब्ध है, वहीं दूसरी ओर रोहतक शहर के कई इलाकों में रोजाना लग रहे लंबे बिजली कट इन दावों पर सवाल खड़े कर रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोगों को अब बिजली की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था की बदहाली और रखरखाव की लापरवाही ज्यादा परेशान कर रही है। भीषण गर्मी में घंटों कट लगने से लोगों का सब्र जवाब देने लगा है।

रविवार देर रात को काठ मंडी क्षेत्र के लोगों का गुस्सा आखिरकार सड़क पर उतर आया। लगातार लग रहे बिजली कटों और निगम अधिकारियों की अनदेखी से नाराज लोगों ने सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना हैकि बार-बार बिजली जाने से कारोबार प्रभावित हो रहा है। घरों में इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं। मोटर नहीं चलने से पेयजल संकट भी गहरा रहा है।

### रखरखाव की कमी पड़ रही भारी
स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिजली निगम ने समय रहते बिजली लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोलों का आवश्यक रखरखाव नहीं किया। जैसे ही गर्मी बढ़ी और बिजली का लोड बढ़ा, जगह-जगह तार गर्म होकर टूटने लगे और कई स्थानों पर पोल तथा केबल में आग लगने की घटनाएं सामने आईं। ऐसे में मामूली तकनीकी खराबी भी घंटों के बिजली कट का कारण बन रही है। लोगों का कहना है कि हर साल गर्मियों में यही स्थिति बनती है, लेकिन निगम पहले से कोई ठोस तैयारी नहीं करता। रिणामस्वरूप उपभोक्ताओं को बार-बार परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### ...तो पावर हाउस पर लगेगा ताला
लोगों ने साफ चेतावनी दी कि यदि सोमवार को भी बिना कारण लंबे बिजली कट लगाए गए तो वे संबंधित पावर हाउस पर ताला जड़ देंगे। उनका कहना है कि जब तक बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### ये हैं लोगों की प्रमुख मांगें
- बिजली लाइनों और ट्रांसफार्मरों का तत्काल रखरखाव किया जाए।
- जर्जर तार और पोल बदले जाएं।
- फॉल्ट ठीक करने के लिए अलग से त्वरित टीम तैनात की जाए।
- बिना सूचना लगाए जा रहे लंबे बिजली कट बंद किए जाएं।
- शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो।

---

# अब शहर में तीन जगह लगी आग
## लाढौत रोड पर फैक्ट्री, रैनकपुरा खोखराकोट कॉलोनी व बाबरा मोहल्ला में मकान जले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की तीन घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रैनकपुरा खोखराकोट कॉलोनी में मकान, लाढौत रोड स्थित फैक्ट्री और बाबारा मौहल्ला में एक मकान में आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जल गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें अलग-अलग स्थानों पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि तीनों घटनाओं में कोई जनहानि नहीं हुई।

रैनकपुरा खोखराकोट कॉलोनी में आग लगने के समय घर में दो बच्चे सो रहे थे, जबकि परिवार का एक अन्य बच्चा पड़ोस के मकान में था। सबसे पहले छोटे भाई की नींद खुली तो उसने कमरे में धुआं भरा देखा। उसने तुरंत अपनी बहन को जगाया। दोनों ने हिम्मत दिखाते हुए घर का गेट खोला और बाहर निकलकर जान बचाई। इसके बाद आसपास के लोगों व दमकल विभाग को सूचना दी गई। मकान मालिक जयदीप ने बताया कि आग की लपटों ने कुछ ही मिनटों में पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। घर में रखा फ्रिज, एलईडी, अलमारी, नकदी, जेवर और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जल गया।



### वेल्डिंग से चिंगारी पराली पर गिरी
लाढौत रोड स्थित गुरुकुल के पास एक फैक्ट्री में भी भीषण आग लग गई। यहां आर्चरी प्रतियोगिताओं में इस्तेमाल होने वाले पराली से बने टारगेट तैयार किए जाते हैं। फैक्ट्री में वेल्डिंग का कार्य चल रहा था। इसी दौरान निकली चिंगारी पराली पर गिर गई और देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री मालिक कर्मवीर मलिक ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कर्मचारियों को बाहर निकलने का मौका तो मिल गया, लेकिन अंदर रखा काफी सामान जल गया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की करीब दस गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और लंबे समय तक अभियान चलाया गया। समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता तो आसपास की इकाइयों तक भी आग फैल सकती थी।





### गिर गई छत, गैस सिलेंडर रिसने लगा
रैनकपुरा खोखराकोट कॉलोनी में शॉर्ट सर्किट के कारण मकान में आग लग गई। आग फैलने के बाद गैस सिलेंडरों से गैस का रिसाव होने लगा, जिससे पूरा कमरा धुएं से भर गया। आग की गर्मी इतनी अधिक थी कि कमरे की टूकड़ी चटक गई और छत का एक हिस्सा नीचे गिर पड़ा। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। टीम ने घर के अंदर से दो गैस सिलेंडर भी सुरक्षित बाहर निकाले, जिनकी गैस पूरी तरह निकल चुकी थी।

### तत्काल रवाना कर दी थी टीम
दमकल विभाग के एसआई जयदीप ने बताया कि डायल-112 के माध्यम से आग लगने की सूचना प्राप्त होते ही टीमें तत्काल रवाना कर दी गई थीं। रैनकपुरा के मकान में आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास के मकानों तक नहीं फैल सकी। वहीं फैक्ट्री में भी लगातार प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। प्रारंभिक जांच में मकान में आग का कारण शॉर्ट सर्किट और फैक्ट्री में वेल्डिंग की चिंगारी माना जा रहा है।

---



# आधी रात को छत से गिरा युवक, लहूलुहान मिला
**रोहतक।** न्यू चिन्योट कॉलोनी में देर रात एक युवक मकान की छत से नीचे आ गिरा। उसके शरीर से खून बह रहा था। तेज आवाज सुनकर लोग घरों से बाहर निकल आए। लोगों ने उसे निजी अस्पताल पहुंचाया, सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। घायल की पहचान 30 वर्षीय दीपक उर्फ विक्की, पुत्र बालूराम, निवासी न्यू चिन्योट कॉलोनी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह कुछ समय से मानसिक तनाव से गुजर रहा था और शराब पीने का आदी था। दीपक के सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पपीजीआई थाना पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की है। सभी तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

- राहगीरों ने तुरंत पहुंचाया अस्पताल, हालत गंभीर, मानसिक तनाव और शराब की लत की भी चर्चा

---

**राजनीति** | एक मंच पर नजर आ सकते हैं एक-दूसरे के धुर विरोधी रहे नेता?

# कुंडू के शिक्षण संस्थान में मनीष ग्रोवर की एंट्री, बलराज के भाजपा में जाने के संकेत

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

भाजपा में अंदर खाते क्या खिचड़ी पक रही है, यह तो पार्टी के सीनियर नेता ही बता सकते हैं। लेकिन जिस तरह की हलचल चल रही है, उससे लग रहा है कि महम की राजनीति में कुछ बड़ा होने वाला है। शनिवार को बलराज कुंडू के शिक्षण संस्थान में पहुंचकर पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सबको चौंका दिया है। बताते हैं कि पूर्व विधायक बलराज कुंडू ने सोनीपत जिले के मोहाना में स्थित बिट्स शिक्षण संस्थान खरीद लिया है। शनिवार को शिक्षण संस्थान का मुर्हत था। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। रविवार को बलराज कुंडू ने महम कार्यालय में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से पार्टी ज्वाइन करने के संबंध में राय मशविरा भी किया।



महम। मोहाना बिट्स शिक्षण संस्थान में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते पूर्व विधायक बलराज कुंडू। *फोटो : हरिभूमि*

### ग्रोवर खरकड़ा के सारथी बनेंगे या कुंडू के
ऐसा प्रतीत होता है कि पूर्व विधायक कुंडू भाजपा में शामिल हो सकते हैं। कुछ दिन पूर्व वकीलों के एक कार्यक्रम में मनीष ग्रोवर ने शमशेर खरकड़ा को जल्द भाजपा में शामिल करने की बात कही थी। इन दोनों घटनाक्रम के बाद कई सवाल पैदा हो गए हैं, जिनके जवाब आने वाले दिनों में भाजपा के बड़े नेताओं को देने होंगे। जिस तरह का घटनाक्रम चल रहा है, उससे यह जरूर शंका पैदा हो गई है कि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर शमशेर खरकड़ा के रथ के सारथी बनेंगे या पूर्व विधायक बलराज कुंडू के रथ के। क्या भारतीय जनता पार्टी महम के इन दोनों नेताओं को पार्टी में शामिल कर रही है या किसी एक को। मनीष ग्रोवर का कुंडू के शैक्षणिक संस्थान में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचना कोई आम घटना नहीं है। यह बलराज कुंडू के भाजपा में शामिल होने का संकेत हो सकता है।

### बढ़ रही हैं नजदीकियां
बलराज कुंडू जब विधायक थे तब मनीष ग्रोवर और बलराज कुंडू के बीच 36 का आंकड़ा था और पता नहीं एक दूसरे को कितना भला बुरा कहा था। मान लिया यदि दोनों ही नेता भाजपा में चले भी जाते हैं, तो क्या महम में दोनों नेता एक मंच पर एक साथ बैठ पाएंगे। शमशेर खरकड़ा और बलराज कुंडू दोनों एक दूसरे के धुर विरोधी हैं। और दोनों ही नेता अति महत्वाकांक्षी हैं। लगता नहीं कि एक ही हलके में इन नेताओं का आपस में तालमेल बन पाएगा। दोनों का एक साथ भाजपा में शामिल होना भाजपा के लिए गले की फांस बन सकता है। यह तो समय ही बताएगा कि दोनों भाजपा में जाएंगे या नहीं। कहते हैं कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। लेकिन फिलहाल दोनों नेताओं की मनीष ग्रोवर के साथ नजदीकियां बढ़ रही हैं।

---



# संपत्तिकर पर 100% ब्याज माफी का आज अंतिम मौका
**रोहतक।** लंबित संपत्तिकर पर दी जा रही 100 प्रतिशत ब्याज माफी का लाभ उठाने का आज अंतिम दिन है। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने करदाताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर सरकार की विशेष छूट का फायदा लें। नगर निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुला रखा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने अपने बकाया कर का भुगतान किया। तीन अवकाश के दिनों में करदाताओं ने संपत्तिकर, फायर टैक्स और यूजर चार्ज के रूप में कुल 80.25 लाख रुपये जमा कराए। वहीं, वित्त वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल 2026 से अब तक कुल 10.87 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि सरकार ने वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के संपत्तिकर का 31 जुलाई 2026 तक अग्रिम भुगतान करने वाले करदाताओं के लिए 10 प्रतिशत की विशेष छूट भी घोषित की है।

- अब तक 10 .87 करोड़ रुपये का टैक्स जमा
- 31 तक अग्रिम कर भुगतान पर मिलेगी 10 प्रतिशत की छूट



## गांधी कैंप में तीसरे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ

**रोहतक।** गांधी कैंप में तीसरे श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। 27 जून से 3 जुलाई 2026 तक चलने वाली कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक किया जा रहा है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं। कार्यक्रम में झज्जर की पुलिस कमिश्नर राजश्री ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और आयोजकों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नेता राजू सहगल भी मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल और भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। आयोजकों ने बताया कि कथा के समापन अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो उठा।

### साइबर ठगों से बचने के लिए पुलिस की एडवाइजरी, रहें सावधान

साइबर क्राइम

# बस एक क्लिक और खाली हो सकता है आपका बैंक खाता

- डिजिटल अरेस्ट, फर्जी लिंक, लोन ऐप और क्यूआर कोड से बचें
- ठगी होने पर गोल्डन ऑवर में करें शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल पर आने वाली एक अनजान कॉल, व्हाट्सएप का एक लिंक या फिर ऑनलाइन कमाई का लालच. ये छोटी-सी लापरवाही आपकी जीवनभर की कमाई पर भारी पड़ सकती है। तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों को देखते हुए रोहतक पुलिस ने आमजन को सतर्क रहने की अपील करते हुए विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराधी लोगों के डर, लालच और जल्दबाजी का फायदा उठाकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित (आईपीएस) के निर्देश पर यह एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें नागरिकों को ऑनलाइन ठगी के नए-नए तरीकों से आगाह करते हुए जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी गई है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी व्यक्ति को अपना ओटीपी, सीसीवी, बैंक पासवर्ड या यूपीआई पिन किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए। कोई भी बैंक, पुलिस, सेना, बीमा कंपनी या सरकारी अधिकारी फोन पर इस तरह की गोपनीय जानकारी नहीं मांगता। यदि कोई ऐसा करता है तो वह ठगी का प्रयास है। एडवाइजरी में तथाकथित 'डिजिटल अरेस्ट' को पूरी तरह फर्जी बताया गया है। पुलिस ने कहा कि कोई भी पुलिस, सीबीआई या अन्य जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर किसी को गिरफ्तार नहीं करती। ऐसे कॉल आते ही तुरंत फोन काट दें और इसकी सूचना पुलिस को दें।

#### पहला घंटा सबसे अहम

पुलिस ने कहा कि यदि किसी के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो घबराने के बजाय पहले एक घंटे यानी 'गोल्डन ऑवर' में तुरंत कार्रवाई करें। सबसे पहले साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें, उसके बाद राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं और अपने बैंक को सूचित कर खाते को ब्लॉक करवाएं। समय रहते कार्रवाई करने से ठगी गई राशि वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराधियों का सबसे बड़ा हथियार लोगों का डर और लालच होता है। कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से केस का निपटारा या गिरफ्तारी की प्रक्रिया नहीं करती। उन्होंने कहा कि सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या साइबर ठगी की सूचना तुरंत 1930 या डायल-112 पर देकर पुलिस का सहयोग करें।

#### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें
- प्ले स्टोर से अनजान लोन ऐप डाउनलोड करने से बचें।
- पैसा प्राप्त करने के लिए कभी क्यूआर कोड स्कैन न करें।
- टेलीग्राम या व्हाट्सएप पर नौकरी और टास्क के नाम पर मिलने वाले लालच से दूर रहें।
- सोशल मीडिया अकाउंट प्राइवेट रखें और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।
- ऑनलाइन खरीद-बिक्री करते समय एडवांस भुगतान या क्यूआर कोड से जुड़े फ्रॉड से सावधान रहें।
- यूपीआई पिन केवल पैसा भेजने के लिए इस्तेमाल होता है, पैसा प्राप्त करने के लिए नहीं।
- बच्चों के मोबाइल उपयोग और ऑनलाइन गेमिंग पर नजर रखें।

#### जवान का मोबाइल हैक कर 57 हजार 638 रुपये की ऑनलाइन ठगी

- पत्नी ने महम थाने में दी शिकायत, अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**महम।** सीआरपीएफ जवान के साथ ऑन लाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जवान की पत्नी ने महम थाने में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में भैणीचंद्रपाल गांव निवासी सुमन कुमारी पत्नी सोमवीर ने बताया कि उसका पति सीआरपीएफ में हैं और गत दिवस वे ड्यूटी पर तैनात थे। इस दौरान उसके पति का फोन एकदम अपने आप हैंग हो गया। उसके बाद उसके पति ने अपने फोन को ऑन कर दिया। तीन दिन बाद जब उसके पति ने किसी काम से पैसों की जरूरत पड़ी तो उसके पति ने पाया कि उसके महम एसबीआई ब्रांच के खाते से 57638 रुपए कटे मिले। फौजी की पत्नी सुमन कुमारी ने बताया कि यह उसका और उसके पति का ज्वाइंट खाता है। उसने साइबर पोर्टल पर भी शिकायत की है।

## पानीपत में एलिवेटेड हाईवे पर ड्राइवर की दर्दनाक मौत

एनएंडटी के प्रबंधक पर केस दर्ज कर पुलिस ने की जांच शुरू

- एलएंडटी कंपनी के टोल मैनेजर के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पानीपत शहर के बीचोबीच बनें एलिवेटेड हाईवे पर पीवीआर मॉल के सामने संदिग्ध हालात में करंट लगने से वाहन चालक 30 वर्षीय प्रदीप निवासी गांव पाक्समा जिला रोहतक की मौत हो गई। वहीं, थाना तहसील कैंप पुलिस को दी गई शिकायत में वीरेंद्र ने बताया कि उनका भाई प्रदीप पेशे से वाहन चालक था, 27 जून को वह पानीपत से गुजर रहा था। इस दौरान पानीपत में पीवीआर के सामने उसकी गाडी खराब हो गई। वीरेंद्र ने बताया कि गाड़ी में आई खराबी को ठीक करने के लिए प्रदीप गाड़ी से नीचे उतरा। प्रदीप ने सडक किनारे अपनी गाडी खडी की और नीचे उतर कर जैसे ही डिवाइडर पर लगी लोहे की ग्रिल पर अपना हाथ रखा तो उसे करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वीरेंद्र का आरोप है कि उनके भाई की मौत की जिम्मेदार एलिवेटेड हाईवे की देख रेख कर रही एलएंडटी कंपनी है। वहीं, थानेदार तहसील कैंप बलजीत सिंह ने बताया कि मृतक प्रदीप के चचेरे भाई वीरेंद्र के बयान के आधार पर एलएंडटी टोल मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रदीप की मौत के मामले में यदि और भी एलएंडटी के और भी लोग जिम्मेदार पाए गए उन पर भी केस दर्ज किया जाएगा।

- मृतक की पहचान गांव पाक्समा निवासी प्रदीप के रूप में हुई। डिवाइडर पर करंट लगने से हुई मौत

## कबीरदास जयंती पर खेरड़ी की प्रतिभाओं का किया सम्मान

- गांव के पहले पीएचडी युवा डॉ. बृजेश को भी किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद रोहतक की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा को सम्मानित करते आयोजन समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

कलानौर खंड के गांव खेरड़ी में संत शिरोमणि गुरु कबीरदास महाराज की 629वीं जयंती ग्राम समिति द्वारा मनाई गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने भाग लेकर संत कबीर दास जी के बताए सत्य, समानता, भाईचारे एवं मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर गांव में सुंदर झांकियां भी निकाली गईं, जिनमें संत कबीर दास जी के जीवन, उपदेशों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को आकर्षक रूप में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद रोहतक की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में संत कबीर दासके विचारों को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक बताते हुए शिक्षा, सामाजिक समरसता एवं मानव सेवा को बढ़ावा देने का आह्वान किया तथा आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में समिति द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव के प्रथम पीएचडी डॉ. बृजेश आलडिया ने अपने स्वर्गीय दादाजी सूबेदार धर्मचंद आलडिया की पुण्य स्मृति में समिति को विशेष पुरस्कार प्रदान किए, जिन्हें मेधावी विद्यार्थियों को वितरित किया गया। इस पहल की सभी ने सराहना की। समारोह में पूर्व सैनिकों को भी राष्ट्र की सेवा में उनके अमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### संत कबीरदास का जीवन न्याय, समानता व भेदभाव मुक्त समाज की स्थापना लिए समर्पित रहा : प्रो. बजरंग



**रोहतक।** कबीरदास जयंती के उपलक्ष्य में जनवादी लेखक संघ, रोहतक और हरियाणा ज्ञान-विज्ञान समिति, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में स्कॉलर्स रोज़री स्कूल की जूनियर विंग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखक, दलित विमर्शकार एवं भक्तिकाव्य के अध्येता प्रो. बजरंग बिहारी तिवारी ने कबीर और आज का समय विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि संत कबीरदास का पूरा जीवन न्याय, समानता और भेदभावमुक्त समाज की स्थापना के लिए समर्पित रहा। कबीर ने अपने समय की अन्यायपूर्ण व्यवस्था, जातिगत भेदभाव और निरंकुश सत्ता का खुलकर विरोध किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र और राजेश दलाल ने कबीर के पदों की प्रस्तुति दी। अध्यक्षीय टिप्पणी में राजेंद्र हुड्डा 'सोमेश' ने कहा कि कमजोर वर्गों पर अत्याचार आज भी जारी हैं, इसलिए कबीर की वाणी समाज को नई दिशा देती है। कार्यक्रम का संचालन मनीषा ने किया, जबकि अंत में लाभ सिंह हुड्डा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षाविद, समाजसेवी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## संत कबीर का संदेश सामाजिक समरसता एवं मानवता की सबसे बड़ी प्रेरणा : नवीन

- भगवतीपुर की धानक चौपाल में कबीर जयंती पर सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव भगवतीपुर स्थित धानक चौपाल में संत शिरोमणि कबीर दास महाराज की जयंती पूरी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई। इस भव्य समारोह में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करने और संत कबीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने संत कबीर दास को नमन करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।



**रोहतक।** कबीर जयंती में पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन ढुल एवं आयोजन समिति।

#### कर्म व चरित्र से होती है इंसान की पहचान

मनुष्यों की पहचान उसकी जाति या धर्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और व्यवहार से होती है। चरित्रवान समाज ही राष्ट्र को मजबूत बना सकता है। भाजपा उपाध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान दौर में संत कबीर के विचारों की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। समाज में आपसी सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने के लिए हमें उनके बताए मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। मौके पर धर्मवीर भगत, चांद मोरवाल, विकास (विक्की) नागर, मोनू सुहान, दिनेश मोरवाल, काला नागर, जयवीर, विशाल, गुंगा सरपंच, बल्ली सुहान, राज और विक्की आदि रहे।

## जिला कांग्रेस भवन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई संत कबीर दास जयंती



**रोहतक।** संत कबीर दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ,पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा व अन्य कार्यकर्ता।

**रोहतक।** संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती के अवसर पर रविवार को रोहतक स्थित कांग्रेस भवन में श्रद्धा, उत्साह और विश्वास के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संत कबीर दास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके जीवन, दर्शन और समाज सुधार के योगदान को याद किया। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि संत कबीर दास ने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से समाज को प्रेम, समानता, भाईचारे, सत्य और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पांति, ऊंच-नीच और सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए समरस समाज की स्थापना का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संत कबीर के विचार पहले से अधिक प्रासंगिक हैं और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष बत्रा, पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी, पूर्व राज्यसभा सांसद शादी लाल बत्रा, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप केडी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष बलवान रंगा, झज्जर जिला अध्यक्ष संजय यादव, यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष निश्चित कटारिया सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### संत कबीर ने जातिवाद एवं धार्मिक पाखंड का किया था विरोध : अशोक

**रोहतक।** डॉक्टर हेडगेवार स्मारक समिति द्वारा संत कबीर दास की जयंती सोमवार को माधव कुंज, हुडा कांप्लेक्स में मनाई गई। सदस्यों द्वारा उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण कर उनको नमन किया गया। समिति के संरक्षक अशोक गुप्ता ने बताया कि संत कबीर दास 15वीं सदी के महान रहस्यवादी कवि, समाज सुधारक और संत थे। उन्होंने जातिवाद, मूर्ति पूजा और धार्मिक पाखंड का कड़ा विरोध करते हुए हिंदू- मुसलमान की एकता पर जोर दिया। वे हिंदी साहित्य के भक्ति काल की 'निर्गुण शाखा 'के प्रमुख स्तंभ थे। कबीर ने स्वामी रामानंद को अपना गुरु बनाया उनके दोहों में जहां शब्दों की सरलता है, वही भावों की प्रगाढाता भी है। मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, रमेश गोयल, शंकर दास गर्ग, सतीश, सूर्य प्रकाश ,आयुष ,दिनेश, महेश, कार्तिक ,रोहित ,अनुरोध ,अशोक सिक्का ,सुकृत ,दिलीप कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

## बोहर की कच्ची गलियों का होगा सुधार

- पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वार्ड-10 के अंतर्गत आने वाले बोहर गांव में लंबे समय से कच्ची पड़ी गलियों के सुधार का कार्य रविवार को विधिवत रूप से शुरू हो गया। विकास कार्यों का शुभारंभ पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल और बलराज नांदल ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्य शुरू होने पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि अब उन्हें बरसात के दिनों में आवागमन की परेशानी से राहत मिलेगी। पार्षद प्रतिनिधि सुमित नांदल ने बताया कि गांव में कई गलियां अभी तक कच्ची थीं, जिसके कारण बारिश के मौसम में उनमें जलभराव और कीचड़ की समस्या बनी रहती थी। इससे ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लोगों की लगातार मांग और समस्या को देखते हुए इन गलियों के सुधार का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे और गांव में जहां-जहां गलियां कच्ची हैं, उन सभी को प्राथमिकता के आधार पर पक्का कराया जाएगा। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि लोगों को बेहतर सुविधा मिल सके।



#### सुविधाएं उपलब्ध करवाना पार्षद की प्राथमिकता

बलराज नांदल ने कहा कि वार्ड के प्रत्येक क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। सड़क, गलियां, जल निकासी और अन्य विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से भी निर्माण कार्य में सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने विकास कार्य शुरू होने पर पार्षद प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पक्की गलियां बनने से गांव की तस्वीर बदलेगी और बरसात के मौसम में कीचड़ व जलभराव की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

## मानसून से पहले हल्की बारिश ने खोली सांपला की सड़कों की पोल



**सांपला।** मानसून से पहले हुई हल्की बारिश ने ही शहर की सड़कों की पोल खोल दी। मुख्य बाजार, बस स्टैंड रोड और खरखोदा रोड पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। कस्बा निवासी शमशेर सिंह, डाक्टर राजेन्द्र सिंह, श्रवण बंसल, संजय बत्रा का कहना है कि कीचड़ और जलभराव बूंदा-बांदी के बाद गड्ढों में पानी भर गया। दुर्घटना का डर दोपहिया वाहन चालक गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे है। इसके अलावा गड्ढे बचाने के चक्कर में ट्रैफिक धीमा हो जाता है। वहीं रेलवे ब्रिज मंडी मोड़ की सड़क खराब होने से ग्राहक कम आ रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हर साल बरसात से पहले शासन प्रशासन की तरफ से सड़कों की मरम्मत के दावे होते हैं, लेकिन स्थिति जस की तस रहती है। लोगों का कहना है कि सड़क के पेंच वर्क में भी भ्रष्टाचार लग रहा था। सड़क पर ज्यादा गड्ढे है। पीडब्ल्यूडी विभाग पत्थर डालकर खाना पूर्ति कर जाता है।

### वर्ष 2022 में गांव के दो एकड़ तालाब में 12 हजार मत्स्य बीज से की थी शुरुआत

# मत्स्य पालन से आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं कटवाड़ा की सुषमा

वर्तमान में प्रतिवर्ष आठ मीट्रिक टन मछली उत्पादन से कर रही 20 लाख का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति, परिवार का सहयोग और सरकारी योजनाओं का सही मार्गदर्शन मिल जाए तो कोई भी व्यक्ति आत्मनिर्भर बन सकता है। इसका उत्कृष्ट उदाहरण रोहतक जिला के गांव कटवाड़ा की गृहिणी सुषमा हैं, जिन्होंने घरेलू जिम्मेदारियों तक सीमित जीवन से आगे बढ़ते हुए सफल मत्स्य पालक के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। सचिन गुप्ता ने बताया कि 31 वर्षीय सुषमा ने वर्ष 2022 में अपने गांव कटवाड़ा में दो एकड़ के तालाब में मीठे पानी की मछली पालन गतिविधि शुरू की थी। शुरुआत में उन्होंने लगभग 12 हजार मत्स्य बीज का संचयन किया और वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन की दिशा में कदम बढ़ाया। सुषमा को आइसीएआर - सीआईफई / एआरटीआई हिसार से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें आधुनिक मत्स्य पालन की तकनीकों और तालाब प्रबंधन की जानकारी मिली। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत लगभग पांच लाख रुपये की सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालन विभाग के नियमित मार्गदर्शन और वैज्ञानिक तरीके से तालाब प्रबंधन अपनाने के कारण सुषमा का व्यवसाय निरंतर प्रगति करता गया। वर्तमान में वह अपने तालाब से प्रतिवर्ष लगभग आठ मीट्रिक टन मछली उत्पादन कर रही हैं तथा लगभग 20 लाख रुपये का वार्षिक कारोबार कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। सुषमा अपनी सफलता का श्रेय अपने पति, जिला मत्स्य अधिकारी तथा मत्स्य पालन विभाग के विशेषज्ञों को देती हैं।



#### अन्य महिलाओं को कर रही प्रेरित

सुषमा ने बताया कि उनके पति ने उन्हें मत्स्य पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया, जबकि विभागीय प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता ने उन्हें व्यवसाय को सफलतापूर्वक संचालित करने की क्षमता प्रदान की। आज वे अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।



खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा निर्धारित खाद्य लेबलिंग संबंधी दिशा-निर्देशों का सभी खाद्य कारोबार संचालकों द्वारा पूर्ण रूप से पालन किया जाना आवश्यक है। सही एवं स्पष्ट लेबलिंग न केवल उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करती है, बल्कि खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित करती है। सचिन गुप्ता ने कहा है कि खाद्य उत्पाद के प्रत्येक पैकेट पर उत्पाद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, ताकि उपभोक्ता को उत्पाद की सही पहचान हो सके। इसके साथ ही उत्पाद का शुद्ध वजन अथवा मात्रा भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। सभी अवयवों की सूची घटते क्रम में अंकित करना अनिवार्य है, जिससे उपभोक्ता उत्पाद में प्रयुक्त सामग्री की सही जानकारी प्राप्त कर सके। प्रत्येक पैक्ड खाद्य उत्पाद पर निर्माता, पैकर अथवा आयातक का नाम एवं पूर्ण पता अंकित होना चाहिए।



### ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर श्री बालाजी धाम डोभ में लगाया विशाल भंडारा व निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर गांव डोभ स्थित श्रीबालाजी धाम में विशाल भंडारा, संकीर्तन, भक्त मेला एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-यज्ञ एवं हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ से हुई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने श्रीबालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। धाम के संस्थापक एवं प्रधान पुरुषोत्तम दास बंसल ने बताया कि प्रत्येक पूर्णिमा पर दोपहर 12 से 3:30 बजे तक धाम में संकीर्तन, भंडारा, भक्त मेला एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का नियमित आयोजन किया जाता है। इस बार विजय नगर निवासी पारुल पांचाल ने सपरिवार मुख्य यजमान के रूप में पूजा-अर्चना कर भंडारे की सेवा में भाग लिया। भजन गायक रतन भारती ग्रुप (सोनीपत), रेखा चोपड़ा, ललित मलिक और प्रिंस राज ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। वहीं रिंकू महादेव द्वारा प्रस्तुत आकर्षक धार्मिक झांकियां भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। स्वास्थ्य जांच शिविर में आंख, दांत, कान-नाक-गला रोगों की जांच, एक्यूप्रेशर सेवा, चिकित्सा परामर्श, निशुल्क दवाइयों एवं चश्मों का वितरण किया गया। इस अवसर पर रमेश गुप्ता, सुरेश शर्मा, राजेंद्र यादव, सुरेंद्र कुमार, सचिन गर्ग, सुनील निमड़ी सहित मंडल के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## भुवनेश्वर में 24 से 28 जून तक हुई 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# हरियाणा के एथलीटों ने लहराया परचम, 15 पदक अपने नाम किए

हरियाणा ने 5 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया

पुरुष वर्ग में भिवानी के बालकिशन ने 3 किलोमीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भुवनेश्वर में 24 से 28 जून तक आयोजित की गई 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के एथलीट खिलाड़ियों ने अपने अनुशासित और अनुभवी खेल के दम पर देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया है। इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में हरियाणा ने 5 स्वर्ण, 6 रजत और 4 कांस्य पदक सहित कुल 15 पदक अपने नाम किए। चैंपियनशिप में 20 पदकों के साथ तमिलनाडु पहले और उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर रहा।

हरियाणा के इन खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि जापान के नागोया में होने वाले आगामी एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम में अपनी जगह भी पक्की कर ली है। पुरुष वर्ग में भिवानी के बालकिशन ने 3 किलोमीटर स्टीपलचेज में 8 मिनट 58.98 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कृष्ण कुमार ने 800 मीटर और निर्भय सिंह ने डिस्कस थ्रो में रजत पदक हासिल किया। वहीं आशीष जाखड़ ने हैमर थ्रो में कांस्य जीता।

***महिला वर्ग में हरियाणा का दबदबा रहा:*** अंबाला की मनप्रीत कौर ने शॉट पुट में और भिवानी की सीमा ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता। फतेहाबाद की पूजा ने हाई जंप में 1.83 मीटर की बेहतरीन ऊंची छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता और साथ ही 800 मीटर में रजत व 1500 मीटर में कांस्य पदक भी अपने नाम किया। चरखी दादरी की पूजा ने हैप्टाथलान इवेंट में 5619 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में खुशी ने कांस्य पदक हासिल किया। सोनीपत की किरण पहल ने 400 मीटर दौड़ को 53.45 सेकेंड में पूरा कर रजत पदक जीता। महेंद्रगढ़ की सान्या यादव ने डिस्कस थ्रो में रजत, रोहतक की निधि रानी ने कांस्य और सोनीपत की भारती ने 5 किलोमीटर दौड़ में रजत पदक जीतकर राज्य का मान बढ़ाया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, महासचिव प्रदीप मलिक और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ सहित खेल पदाधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को इस शानदार सफलता पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



रोहतक। भारतीय टीम के खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय ग्रीको रोमन कुश्ती टीम थाईलैंड रवाना

रोहतक से सूरज और अनुज टीम में शामिल

रोहतक। थाईलैंड के पटाया शहर में आयोजित होने वाली अंडर-20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाने के लिए भारतीय ग्रीको-रोमन कुश्ती टीम सोमवार को प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हो गई है। भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित हालिया नेशनल ट्रायल्स में देश भर के सर्वश्रेष्ठ पहलवानों को चुनकर इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय दल में शामिल किया गया है। पटाया में 30 जून से इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैंपियनशिप के अंडर-20 वर्ग के मुकाबले शुरू होने जा रहे हैं, जहां भारतीय ग्रीको-रोमन टीम के पहलवान विभिन्न भारवर्गों में मैट पर उतरकर देश के लिए पदक जीतने के इरादे से चुनौती पेश करेंगे। इस बार देश को पदक दिलाने की जिम्मेदारी 55 किलोग्राम भारवर्ग में टीम की अगुवाई कर रहे अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभवी पहलवान नीरज पटेल पर होगी। उनके साथ ही 60 किलोग्राम में सूरज, 63 किलोग्राम में आर्यन मलिक, 67 किलोग्राम में अनुज और 72 किलोग्राम भारवर्ग में विनीत देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। 77 किलोग्राम भारवर्ग में धीरज कुमार मलिक, 82 किलोग्राम में हिमांशु, 87 किलोग्राम में विकास दलाल, 97 किलोग्राम में अक्षय राणा और 130 किलोग्राम के सुपर हैवीवेट वर्ग में दिशांत मैट पर देश का गौरव बढ़ाने के इरादे से उतरेंगे।




रोहतक। कोच जनक राज के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## रुड़की में चमके रोहतक के योग खिलाड़ी राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीते चार पदक

रोहतक। वर्ल्ड फिटनेस योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा 26 से 28 जून 2026 तक कोअर यूनिवर्सिटी, रुड़की (उत्तराखंड) में आयोजित राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में रोहतक के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर हरियाणा का मान बढ़ाया है। देशभर से आए लगभग 700 खिलाड़ियों के बीच हरियाणा के योग साधकों ने अपने संतुलन और कौशल का लोहा मनवाया। हरियाणा टीम के कोच व अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डॉ. जनक राज ने बताया कि 10-14 वर्ष आयु वर्ग के ट्रेडिशनल इवेंट में आदर्श ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया, जबकि अभिनव ने रजत पदक जीता। वहीं, रिदमिक पेयर स्पर्धा में अभिनव और आदर्श की जोड़ी ने रजत पदक अपने नाम किया। सब जूनियर-जूनियर आर्टिस्टिक पेयर में यश और आरव सिंह की जोड़ी ने बेहतरीन तालमेल से कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा, 14-18 वर्ष आयु वर्ग के ट्रेडिशनल इवेंट में जतिन कौशिक देश के टॉप-10 खिलाड़ियों में जगह बनाने में सफल रहे। कोच डॉ. जनक राज ने खिलाड़ियों की इस सफलता का श्रेय उनके कड़े अभ्यास, अनुशासन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि रोहतक पहुंचने पर सभी विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों का भव्य स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## रोहतक के वंश अहलावत ने अंडर-15 एशिया कुश्ती चैंपियनशिप में जीता कांस्य पदक



कोच विकास के साथ वंश

रोहतक। हरियाणा के गांवों की माटी से निकले पहलवान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। थाईलैंड के पटाया में 27 जून से 05 जुलाई तक आयोजित की जा रही अंडर-15 एशिया कुश्ती चैंपियनशिप में जिला रोहतक के गांव समर गोपाल पुर के होनहार पहलवान वंश अहलावत ने देश के लिए कांस्य पदक जीतकर तिरंगे का मान बढ़ाया है। वंश ने लड़कों के 44 किलो भार वर्ग (फ्रीस्टाइल) में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए यह शानदार कामयाबी हासिल की है। वंश अहलावत की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि अंडर-15 एशिया चैंपियनशिप के इतिहास में यह उनका लगातार दूसरा अंतरराष्ट्रीय पदक है। इससे पहले पिछले साल आयोजित हुई इसी चैंपियनशिप में वंश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। पहलवान वंश अहलावत अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरु को देते हैं। वंश अपने पैतृक गांव समर गोपाल पुर में स्थित कुश्ती अकादमी में कोच विकास शर्मा की देखरेख में दिन-रात कड़ा अभ्यास (प्रैक्टिस) करते हैं। कोच विकास की सटीक रणनीतियों और वंश की कड़ी मेहनत का ही नतीजा है कि आज वह अंतरराष्ट्रीय पटल पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

## अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में विनाक्षी ने स्वर्ण व दीपांशी ने कांस्य पदक जीता



विनाक्षी और दीपांशी

रोहतक। थाईलैंड में आयोजित अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के 46 किलोग्राम भारवर्ग में विनाक्षी ने अपने बेहतरीन दांव-पेंच और आक्रामक खेल की बदौलत विरोधी पहलवानों को धूल चटाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया और एशिया चैंपियन बनीं। वहीं, 58 किलोग्राम भारवर्ग में कड़ी चुनौती पेश करते हुए दीपांशी ने देश के लिए कांस्य पदक हासिल किया। दोनों खिलाड़ी जिले के छोटू राम स्टेडियम में कोच मनदीप के पास अभ्यास करती है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर उनके कोच मनदीप ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, यह इन बेटियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और मैट पर उनके कड़े अभ्यास का परिणाम है। अंडर-15 स्तर पर एशिया के शीर्ष खिलाड़ियों के बीच पोडियम पर खड़े होना एक बड़ी उपलब्धि है और मुझे पूरा विश्वास है कि ये दोनों भविष्य में देश के लिए ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में भी पदक जीतेंगी। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, साथी पहलवानों और पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

## 15वीं सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अर्नव ने जीता सिल्वर मेडल



कोच दीपक छिकारा के साथ अर्णव

रोहतक। पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) में आयोजित हुई 15वीं सब जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्टार बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब के होनहार मुक्केबाज अर्नव ने रजत पदक जीतकर देश और प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया है। 23 से 29 जून तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश भर के शीर्ष बाल मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया था, जिसमें अर्नव ने अपने दमदार पंच और बेहतरीन तकनीक के दम पर फाइनल तक का सफर तय किय।फाइनल के कड़े मुकाबले में अर्नव ने उपविजेता रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। अर्नव की इस शानदार उपलब्धि पर स्टार बॉक्सिंग स्पोर्ट्स क्लब के कोच, प्रबंधन और खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की है। कोच दीपक छिकारा ने कहा कि अर्नव की मेहनत और खेल के प्रति समर्पण ने उसे इस मुकाम तक पहुंचाया है और आने वाले समय में वह देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लाएगा। अर्नव की इस जीत से पूरे क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों में भारी उत्साह है और घर लौटने पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।



रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते महंत कमल पुरी महाराज, स्वामी करण पुरी महाराज व अन्य भक्तजन। फोटो : हरिभूमि

## पुरी धाम में पूर्णिमा पर यज्ञ की पूर्णाहुति संतों ने दिया धर्म व लोककल्याण का संदेश

रोहतक। द्वितीय शुद्ध ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर सर्कुलर रोड स्थित पुरी धाम में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ की पूर्णाहुति पुरी धाम के महामंडलेश्वर स्वामी करण पुरी महाराज ने जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय सचिव एवं गऊ करण तीर्थ के पीठाधीश्वर महंत कमल पुरी महाराज के सानिध्य में संपन्न कराई। स्वामी करण पुरी महाराज ने बताया कि जगत जननी आदिशक्ति षोडशी श्रीविद्या राजराजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी भगवती मां ललिता सुंदरी के निमित्त आयोजित यज्ञ की पूर्णाहुति विधि-विधान के साथ संपन्न हुई।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान समाज में आध्यात्मिक चेतना, शांति और लोककल्याण का संदेश देते हैं। यज्ञ का मुख्य अनुष्ठान आचार्य पंडित सुरेश वशिष्ठ ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया।

इस अवसर पर दिव्यानंद पुरी, कार्तिक पुरी, शांत पुरी, प्रसन्न पुरी, आनंद पुरी, करतार पुरी, राजेंद्र दुआ और पंडित अक्षय शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आचार्य दक्षता वर्ग से निखरेगा शिक्षकों का व्यक्तित्व एवं शिक्षण कौशलः एसके गुप्ता

रोहतक। गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वावधान एवं हिंदू शिक्षा समिति के संरक्षण में 'आचार्य दक्षता वर्ग' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के व्यक्तित्व, शिक्षण कौशल और संगठनात्मक क्षमता का विकास करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण और योग सत्र से हुई। दिनभर चले विभिन्न सत्रों में शारीरिक गतिविधियाँ, वर्तनी अशुद्धि संशोधन, अंग्रेजी स्पोकन व लेखन, कहानी कथन और पंचपदी पाठ योजना जैसी महत्वपूर्ण विधाओं पर प्रशिक्षण दिया गया। इन ज्ञानवर्धक सत्रों का संचालन सोनम, अंजू, शिखा, कुलदीप, भुनेश, गरिमा, भारती, नेहा, वर्षा, श्वेता, साक्षी, जयपाल, हेमा, शैलेंद्र और आशु ने किया। कार्यक्रम का पर्यवेक्षण कविता ने और वीडियोग्राफी सोनू ने की। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि यह वर्ग शिक्षकों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। प्रत्येक आचार्य को आजीवन विद्यार्थी बनकर निरंतर सीखते रहना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष एस.के. गुप्ता ने कहा कि श्रेष्ठ शिक्षक अपने आचरण और संस्कारों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। इस दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष करण विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक और डॉ. दिनेश मदान ने भी शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियाँ अपनाने के लिए प्रेरित किया।






## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में 'हैप्पी क्लासरूम' सत्र का आयोजन एनईपी 2020 के तहत शिक्षकों को मिला व्यावहारिक प्रशिक्षण

रोहतक। जॉन वेस्ले कॉन्वेंट स्कूल में चल रहे दो दिवसीय 'इन-हाउस' कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत सोमवार को 'हैप्पी क्लासरूम' विषय पर एक प्रभावी सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक और उपप्रधानाचार्य मधुलिका ने की। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत शिक्षकों को ऐसे कौशल सिखाना था जिससे कक्षा का माहौल आनंदमय, सकारात्मक और समावेशी बनाया जा सके। प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक ने कहा कि खुशहाल कक्षा ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहली सीढ़ी है, जहां बच्चे तनावमुक्त होकर सीख सकते हैं। सत्र के दौरान गतिविधियों, रोल-प्ले और ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से शिक्षकों को भावनात्मक जुड़ाव, सकारात्मक अनुशासन और नवाचार (इन्नोवेशन) के तरीके सिखाए गए।

उपप्रधानाचार्य मधुलिका ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से शिक्षकों की कार्यक्षमता बढ़ती है। समापन पर सभी शिक्षकों ने इन रचनात्मक शिक्षण विधियों को अपनाने का संकल्प लिया, ताकि हर बच्चा स्कूल को अपना दूसरा घर समझ सके।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की एक दिवसीय कार्यशाला

रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के पूर्व छात्र, प्रसिद्ध गणित विशेषज्ञ और द्रोणाचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मुबारिकपुर) के निदेशक विकास यादव इसमें मुख्य वक्ता रहे। कार्यशाला में विकास यादव ने शिक्षा में ए.आई. के बदलते स्वरूप और कक्षा शिक्षण को रोचक व परिणामोन्मुख बनाने में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कई डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए शिक्षकों को तकनीक का सकारात्मक उपयोग करने के तरीके सिखाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षा को नवाचार और तकनीकी दक्षता से जोड़ना बेहद जरूरी है। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक ए.आई. आधारित शिक्षण विधियों को समझा और उन्हें अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान स्कूल की को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व सुनीता मोर और हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी ने रिसोर्स पर्सन का आभार जताया। प्रबंधन ने कहा कि ऐसी कार्यशालाएँ शिक्षकों के व्यावसायिक विकास और छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने में मददगार हैं। अंत में मुख्य वक्ता को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया।





रोहतक। फोटोग्राफर संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलवान सिंह रंगा। फोटो : हरिभूमि

## गुरु पूर्णिमा पर रोहतक फोटोग्राफर संघ की नई कार्यकारिणी का भव्य सम्मान

रोहतक। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय कांग्रेस भवन में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शहरी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलवान सिंह रंगा ने रोहतक फोटोग्राफर संघ (रजि.) की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत और सम्मान किया। समारोह में संघ के नवनिवार्चित अध्यक्ष बिजेंद्र रोहिल्ला और उपाध्यक्ष पवन वाधवा सहित पूरी टीम को बधाई दी गई। दोनों जिलाध्यक्षों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी फोटोग्राफी जगत के हितों की रक्षा करने, संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर योगदान देने का काम करेगी। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित भंडारे में सभी ने प्रसाद ग्रहण कर गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में विक्रम परमार, सुरेंद्र देशवाल, मुकेश घिल्लौड, राम मकरौली, बलराज नांदल, मंगल और विनोद कुंडू मुख्य रूप से मौजूद रहे। संघ ने कांग्रेस नेतृत्व के इस आत्मीय सम्मान के लिए आभार जताया।

कॉलेजों में यूजी कोर्स में आवेदन का आखिरी दिन आज | आवेदन फॉर्म में किसी भी प्रकार के सुधार के लिए 1 जुलाई तक का समय दिया

# नेकीराम कॉलेज में बीसीए के लिए मारामारी, 120 सीटों पर आए 1530 आवेदन और बीए हिंदी-अर्थशास्त्र में मुकाबला सबसे कम

24 जुलाई को नए रजिस्ट्रेशन और फॉर्म एडिटिंग के लिए दोबारा खोला जाएगा पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक (यूजी) कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन का अंतिम दिन 30 जून है। इससे पहले दो बार अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। नेकीराम कॉलेज में सबसे ज्यादा कंपीटीशन बीसीए में और सबसे कम कंपीटीशन बीए हिंदी और अर्थशास्त्र में हैं। बीसीए में 120 सीटों पर 1530, बीए हिंदी में 80 सीटों पर 190 और बीए अर्थशास्त्र में 60 सीटों पर 160 आवेदन आए है। आवेदकों को अपने आवेदन फॉर्म में किसी भी प्रकार के सुधार के लिए 1 जुलाई तक का समय दिया गया है।

2 जुलाई को उन सभी आवेदकों की सूची जारी की जाएगी जिनके फॉर्म में कोई आपत्ति या गड़बड़ी होगी। कॉलेजों द्वारा ऑनलाइन दस्तावेजों का वेरिफिकेशन और छात्र लॉगिन के माध्यम से इन आपत्तियों को दूर करने की प्रक्रिया 6 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद, मेरिट सूची के लिए पात्र सभी आवेदकों की सूची 8 जुलाई को प्रदर्शित की जाएगी। प्रथम प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 9 जुलाई को और फाइनल फर्स्ट मेरिट लिस्ट 10 जुलाई 2026 को जारी की जाएगी। इसके तहत चयनित छात्र 11 जुलाई से 15 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवा सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को और फाइनल सेकेंड मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को आएगी। इस राउंड की फीस 18 जुलाई से 22 जुलाई तक भरी जाएगी।

मिशन एडमिशन

बची हुई सीटों के लिए 23 जुलाई को फिजिकल काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। इसके बाद 24 जुलाई को नए रजिस्ट्रेशन और फॉर्म एडिटिंग के लिए पोर्टल दोबारा खोला जाएगा। जो छात्र इसके बाद भी दाखिले से वंचित रह जाएंगे, उनके लिए 25 जुलाई से 31 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ फिजिकल काउंसलिंग जारी रहेगी। वहीं, 1 अगस्त से 7 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस और साथ में 100 रुपये प्रति दिन के अतिरिक्त जुर्माने के साथ बची हुई सीटों पर दाखिला लिया जा सकेगा।

### 16 कोर्स में 2580 सीटों पर 7022 आवेदन आए



*पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि कॉलेज में 16 कोर्स में 2580 सीटों पर 7022 आवेदन आए हैं। नेकीराम कॉलेज में बीसीए और बीबीए में सीटों के आठ गुना से ज्यादा आवेदन आए है। एमएससी जूलॉज और एमए साइकोलॉजी जैसे अहम विषय को मंजूरी दी गई हैं। यूजी स्तर पर बायोटेक्नोलॉजी को मंजूरी दी गई है। आवेदन प्रक्रिया के बाद आवेदन में सुधार (ओटीपी आधारित) 07 मई से 01 जून तक किया जा सकेगा। आवेदकों की सूची (आपत्तियों सहित) 02 जून को जारी होगी। 11 जून को पहली मुख्य मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। -प्रो. सुरेंद्र सांगवान, प्राचार्य पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय*

### नेकीराम कॉलेज

| कोर्स नाम | कुल सीट | कुल आवेदन |
|---|---|---|
| बैचलर ऑफ आर्ट | 720 | 4200 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इकोनॉमिक्स | 60 | 160 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन अंग्रेजी | 80 | 360 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन ज्योग्राफी | 80 | 320 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन हिंदी | 80 | 190 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन साइकोलॉजी | 40 | 325 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन इतिहास | 80 | 260 |
| बैचलर ऑफ आर्ट विद मेजर इन राजनीति विज्ञान | 80 | 430 |
| बीबीए | 60 | 850 |
| बीकॉम | 320 | 1020 |
| बीसीए | 120 | 1530 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस | 240 | 1020 |
| बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस | 400 | 680 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन गणित | 60 | 380 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन भौतिकी | 80 | 250 |
| बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन रसायन विज्ञान | 80 | 300 |

# डोर-टू-डोर कचरा उठान व्यवस्था पर सवाल
# पार्षद बोले, ठीक से काम नहीं कर रही एजेंसी

**'50 की जगह सिर्फ 10 चक्कर लगा रही गाड़ियां', लोगों का आरोप घरों में जमा हो रहा कचरा, मेयर भी जता चुके नाराजगी**

**निगम आयुक्त को शिकायत दी, कई मोहल्लों में 2 से 3 दिन तक कचरा नहीं उठाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। वार्ड के पार्षद कपिल नागपाल ने नगर निगम आयुक्त को लिखित शिकायत देकर आरोप लगाया है कि डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाली एजेंसी तय मानकों के अनुरूप काम नहीं कर रही है। एजेंसी की लापरवाही के कारण कई क्षेत्रों से नियमित रूप से कूड़ा नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात ऐसे हैं कि घरों में कूड़ा जमा हो रहा है और मजबूरी में कुछ लोग खाली प्लॉटों व सड़कों के किनारे कचरा फेंकने लगे हैं। पार्षद ने अपनी शिकायत में कहा है कि एजेंसी की गाड़ियों को प्रतिदिन करीब 50 चक्कर लगाकर वार्ड के सभी घरों से कूड़ा उठाना चाहिए, लेकिन वास्तविकता यह है कि कई दिनों से गाड़ियां मुश्किल से 10 चक्कर ही लगा रही हैं। इसके कारण बड़ी संख्या में घरों तक कूड़ा उठाने की सेवा पहुंच ही नहीं रही। कई मोहल्लों में दो-दो और तीन-तीन दिन तक कचरा नहीं उठाया जा रहा, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। वार्ड के नागरिक रोजाना फोन कर कूड़ा नहीं उठने की शिकायत कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब वे समय पर यूजर चार्ज और अन्य शुल्क जमा कर रहे हैं तो उन्हें नियमित सफाई सुविधा भी मिलनी चाहिए। पार्षद ने कहा कि उन्हें प्रतिदिन दर्जनों शिकायतें सुननी पड़ रही हैं, लेकिन एजेंसी की कार्यप्रणाली में कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा।




■ सड़कों और खाली स्थानों पर फेंका गया कूड़ा, कचरा शहर की सुंदरता बिगाड़ रहा

■ दुर्गंध, मच्छर और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ा

### बरसात के मौसम में होती है समस्या

शिकायत में यह भी कहा गया है कि बरसात के मौसम में कूड़े का लंबे समय तक घरों और गलियों में पड़ा रहना स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। सड़कों और खाली स्थानों पर फेंका गया कचरा न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित करता है, बल्कि इससे दुर्गंध, मच्छर और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### एजेंसी पर पहले भी उठ चुके है सवाल

गौरतलब है कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एजेंसी के कामकाज पर इससे पहले भी सवाल उठ चुके हैं। नगर निगम के मेयर भी पूर्व में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान एजेंसी के कार्य पर नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा था कि एजेंसी तय शर्तों के अनुरूप काम नहीं कर रही और व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। इसके बावजूद शहर के कई वार्डों में कूड़ा उठाने की समस्या लगातार बनी हुई है।

### पार्षद ने उठाई जांच की मांग

पार्षद ने निगम आयुक्त से मांग की है कि एजेंसी के कार्यों की मौके पर जांच कराई जाए, निर्धारित रूट और चक्करों का सत्यापन किया जाए तथा अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं करने पर एजेंसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जानी चाहिए।

# दो जगह पर मिले शव, मौत के कारणों का खुलासा नहीं

## पटवापुर में व्यक्ति मृत मिला, गढ़ी मोहल्ला में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**अज्ञात शव की नहीं हो पाई पहचान, पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस भिजवाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में सोमवार को दो अलग-अलग स्थानों से शव मिलने की घटनाओं ने लोगों को चौंका दिया। एक ओर कलानौर क्षेत्र के गांव पटवापुर में 37 वर्षीय व्यक्ति का शव मिलने से गांव में शोक का माहौल रहा, वहीं शहर के गढ़ी मोहल्ला स्थित कबाड़ी मार्केट के पास मिले अज्ञात शव ने पुलिस के सामने पहचान की चुनौती खड़ी कर दी। दोनों मामलों की सूचना मिलते ही संबंधित थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस भिजवाया और जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार कलानौर थाना क्षेत्र के गांव पटवापुर में मिले शव की पहचान 37 वर्षीय हरीश पुत्र श्रीभगवान के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मौके की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा परिजनों के बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा।

### हाथ पर लिखा था 'अजय एमपी'

दूसरी घटना शहर के गढ़ी मोहल्ला स्थित कबाड़ी मार्केट के पास सामने आई, जहां करीब 42 वर्षीय व्यक्ति का शव पड़ा मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना ओल्ड सब्जी मंडी थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी। फिलहाल शव को पहचान के लिए 72 घंटे तक डेड हाउस में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि अज्ञात व्यक्ति के दाहिने हाथ पर 'अजय एमपी' लिखा हुआ था। इसी आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक का नाम अजय हो सकता है। हालांकि आसपास के लोगों ने उसकी पहचान नहीं की। पुलिस अब इस सुराग के आधार पर मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है और आसपास के थानों को भी सूचना भेजी गई है।

### हर पहलू से जांच कर रही पुलिस

ओल्ड सब्जी मंडी थाना प्रभारी सुशील ने बताया कि कबाड़ी मार्केट के पास एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया गया है। मृतक की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं कलानौर थाना पुलिस भी पटवापुर में मिले शव के मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दोनों मामलों में पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कूड़ा फैलाने वालों पर 'तीसरी आंख' से नजर

## सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे, चेतावनी वाले बैनर भी लगाए

**अब तक 40 से अधिक स्थानों पर लगाए जा चुके हैं बैनर और कैमरे**

**बाजारों में रखे कूड़ेदान भी टूटे, सही ढंग से नहीं लगाए गए थे**

**लोग कूड़ेदान का उपयोग करें बाहर कूड़ा न फेंकें, सफाई में सहयोग करें**



रोहतक। नगर निगम द्वारा कूड़ा डालने की जगह पर लगाया गया चेतावनी बैनर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाने वालों पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम ने अब सख्त कदम उठाए हैं। निगम ने शहर के उन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने शुरू कर दिए हैं, जहां लोग बार-बार कूड़ा फेंककर गंदगी फैला रहे हैं। इसके साथ ही संबंधित स्थानों पर चेतावनी वाले बैनर भी लगाए गए हैं, जिन पर स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि "आप कैमरे की नजर में हैं।" निगम का उद्देश्य लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करना है। नगर निगम की ओर से शहर के 40 से अधिक ऐसे स्थानों की पहचान की गई है, जहां लगातार कूड़ा फेंकने की शिकायतें मिल रही थीं। इन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं ताकि गंदगी फैलाने वाले लोगों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा सके। अधिकारियों का कहना है कि कैमरों की मदद से नियम तोड़ने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा।

### निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें



*कैमरों के साथ-साथ निगम ने चेतावनी बैनर भी लगाए हैं, ताकि लोगों को पहले से ही यह जानकारी मिल सके कि संबंधित क्षेत्र निगरानी में है। अधिकारियों का मानना है कि इस पहल से लोग सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने से बचेंगे और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करेंगे। निगम ने नागरिकों से अपील भी की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।*

### कई स्थानों पर कूड़ेदान टूटे मिले



*हालांकि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयासों के बीच एक बड़ी समस्या बाजारों में रखे गए कूड़ेदानों की भी सामने आई है। कई स्थानों पर लगाए गए कूड़ेदान टूटे हुए मिले, जबकि कुछ को सही तरीके से स्थापित ही नहीं किया गया था। इसके कारण लोग कूड़ेदान का उपयोग करने के बजाय आसपास ही कचरा फेंक रहे हैं, जिससे गंदगी की समस्या बनी हुई है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त कूड़ेदानों की जल्द मरम्मत कर उन्हें व्यवस्थित तरीके से लगाया जाए।*



# ज्येष्ठ पूर्णिमा पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने लगाई मीठे पानी की छबील

रोहतक। ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर पेंशन बहाली संघर्ष समिति की जिला कार्यकारिणी के सदस्यों ने शीला बाईपास पुल के नीचे मीठे पानी की छबील लगाकर जनसेवा का संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सुबह से दोपहर तक राहगीरों को मीठा पानी पिलाया। इस सेवा कार्य में जिला प्रधान अनिल स्वामी, जिला महासचिव संजय सिंहमार, कोषाध्यक्ष रविकांत, रोशनलाल लाखनमाजरा, संजय राठी, प्रदीप पंघाल, देवेंद्र शर्मा, राममेहर सिहाग, संदीप मलिक, जिला सलाहकार डॉ. अजय कादियान, रणधीर चहल, सुरेश (लाईब्रेरी), हसला जिला प्रधान राजीव दलाल, मोहित सहित अनेक कर्मचारी साथियों ने श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई। इस अवसर पर जिला प्रधान अनिल स्वामी एवं जिला महासचिव संजय सिंहमार ने सभी सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित एवं समाजसेवा के कार्य मिल-जुलकर करती रहेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# सड़क दुर्घटना में स्कूटी चालक घायल, केस दर्ज

■ उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया

महम। मदीना गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में घायल के पिता ने बहु अकबरपुर थाना में शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में खरकड़ा छाजाण गांव निवासी वेदपाल पुत्र हरि सिंह ने बताया कि उसका लड़का पवन एलपीएस बोसार्ड से अपनी नौकरी करके बालंद गांव से खरकड़ा गांव की तरफ अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी से आ रहा है। जब वह मदीना गांव के पास रेडियो स्टेशन के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही, गफलत व तेज गति से वाहन चलाते हुए उसके बेटे पवन की स्कूटी में टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# निर्माण मजदूरों ने हरियाणा सरकार का पुतला फूंका

**24 जुलाई को डीसी कार्यालय घेराव की चेतावनी**



रोहतक। अपनी मांगों के लिए सरकार का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन करते संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के सदस्य।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर यूनियन के मुख्य सलाहकार एडवोकेट अख्तर सिंह हुड्डा, ब्लॉक उपप्रधान सुरेश यादव, श्याम सुंदर मायना, मनोज, प्रताप, हरिकेश, कपिल देव, सुरेश, जय सिंह, जितेंद्र, गयाप्रसाद, हृदय राम, प्रमोद, मुन्ना, मदन, महेश, सुनीता, सतबीर और बिरजू सहित अनेक मजदूर उपस्थित रहे।

रोहतक। निर्माण मजदूरों के लिए बने सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में रद्द किए गए पंजीकरण, मजदूरी (दिहाड़ी) से जुड़े लंबित मामलों के समाधान, रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक तथा सभी निर्माण मजदूरों का पंजीकरण सुनिश्चित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा (सीटू) के आह्वान पर सोमवार को सैकड़ों निर्माण मजदूरों ने प्रदर्शन कर हरियाणा सरकार का पुतला फूंका। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो 24 जुलाई को संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा के बैनर तले उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया जाएगा। स्थानीय मानसरोवर पार्क में आयोजित मजदूर पंचायत की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान रमेश चंद्र पांचाल ने की, जबकि संचालन ब्लॉक सचिव किशोर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद, जिला उपाध्यक्ष संजीव सिंह तथा कोषाध्यक्ष धर्मदास ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के पिछले 12 वर्षों के कार्यकाल में सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ,मजदूरों से हजारों रुपये की वसूली की गई। पिछले एक वर्ष से बोर्ड का पोर्टल बंद होने के कारण मजदूरों के पंजीकरण और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावित हो रहा है। नेताओं का आरोप था कि भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के बजाय सरकार ने प्रदेश के लाखों निर्माण मजदूरों के पंजीकरण रद्द कर दिए।

# न्यूनतम वेतन की मांग पूरी न होने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष

## पांच को मुख्यमंत्री कार्यालय घेराव का ऐलान



रोहतक। हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा रोहतक ब्लॉक कमेटी की बैठक आज प्रभात भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला प्रधान रामनिवास ने की, जबकि संचालन आनंद ने किया। बैठक में ग्रामीण चौकीदारों की लंबित मांगों पर चर्चा करते हुए सरकार के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 5 जुलाई को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय पड़ाव के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कैंप कार्यालय का घेराव किया जाएगा।बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के राज्य कोषाध्यक्ष भगत सिंह ने कहा कि प्रदेश के हजारों ग्रामीण चौकीदार वर्षों से बेहद कम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। बैठक में राजेश काबूलपुर, अमरजीत शिमली, राय सिंह नसीरपुर, सुरेश, शशिकांत, जयसिंह, सुरेश हुमायूंपुर, सत्येंद्र सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

### मुख्य मांगें

- चौकीदारों के लिए नीति बनाकर उन्हें नियमित किया जाए तथा नियमित होने तक न्यूनतम 30,000 मासिक वेतन दिया जाए।
- सेवानिवृत्ति पर 10 लाख की सम्मान राशि प्रदान की जाए।
- चौकीदारों के सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाए।
- साइकिल भत्ता 3,500 से बढ़ाकर 10,000 किया जाए।
- बीमारी के दौरान चौकीदार की मृत्यु होने पर उसके परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता दी जाए।
- चौकीदारों को ईएसआई योजना के दायरे में लाया जाए।
- गांवों के विवादास्पद मामलों में चौकीदारों को अनावश्यक रूप से गवाह न बनाया जाए।

**तपोभूमि जटेला धाम से पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा का शुभारंभ**

# प्रकृति के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना समय की आवश्यकता

**पूर्णिमा महोत्सव व संत कबीर जयंती पर हरियाली और नशामुक्त समाज का लिया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूर्णिमा महोत्सव एवं संत कबीर जयंती के पावन अवसर पर तपोभूमि जटेला धाम से पर्यावरण संरक्षण एवं नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा का शुभारंभ पीठाधीश्वर महंत राजेंद्र दास महाराज ने किया। इस अवसर पर साधु-संतों, मातृशक्ति, युवाओं और श्रद्धालु संगत ने "एक व्यक्ति एक पौधा, हर घर हरियाली-हर युवा नशामुक्त का संकल्प लिया। महंत राजेंद्र दास महाराज ने कहा कि प्रकृति के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करना समय की आवश्यकता है। यदि मानव जीवन को सुरक्षित रखना है तो अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि नशा समाज और राष्ट्र के लिए गंभीर चुनौती है, जिससे युवाओं को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान की शुरुआत की गई। श्रद्धालुओं को निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया तथा पौधरोपण कर हरियाली का संदेश दिया गया। महंत राजेंद्र दास महाराज ने बताया कि नशा मुक्ति जनजागरण यात्रा के माध्यम से गांव-गांव जाकर लोगों को नशे से दूर रहने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। संगत ने एक व्यक्ति एक पौधा लगाए और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान दे" का संकल्प भी लिया।



### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर बक्शी राम सैनी (चेयरमैन), संजय अग्रवाल, लाल, अशोक, दीपांकन, स्वरूप साहब, राजा चेयरमैन, रघबीर, सतपाल, अभिषेक, संदीप फौजी, सूरजमल, नरेंद्र, रामावतार, भूरू, अशोक सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मोबाइल दुकान पर चोरों का धावा वारदात से व्यापारियों में बढ़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शहर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब बाबरा मोहल्ले में चोरों ने एक मोबाइल की दुकान को निशाना बनाते हुए वारदात को अंजाम दिया। घटना का पता लगते ही इलाके के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। दुकान मालिक विक्रंता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी मोबाइल की दुकान में अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। सुबह दुकान खोलने पर घटना का पता चला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और दुकान का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की ताकि चोरों के बारे में कोई सुराग मिल सके। साथ ही घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। पुलिस का मानना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। हाल के दिनों में शहर में लगातार सामने आ रही चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।